समाचार

पर्यावरण को संरक्षित रखने वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक–महापौर

(वार्ड क्र. 16 नर्सरीपारा सतनाम प्रांगण जयस्तंभ ग्राउण्ड में महापौर ने किया वृक्षारोपण, नागरिकों से की भेंट, जानी उनकी विकास परक समस्याएं, होगा समस्याओं का निराकरण)

कोरबा 13 अक्टूबर 2020 –महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज कहा कि पर्यावरण के संरक्षण एवं सुरक्षा हेतु अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना अत्यंत आवश्यक है, मानव जीवन एवं प्राणी मात्र के लिए वृक्षों की महत्ता से हम सभी परिचित हैं, वृक्ष हमें प्राण वायु देते हैं, वृक्षों पौधों से हमे भोजन मिलता है, वृक्ष ही हैं जो पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करते हैं, अतः हम सबका यह महत्वपूर्ण दायित्व है कि हम अधिक से अधिक संख्या में वृक्षों को लगाएं तथा उनका संरक्षण करें।

उक्त बातें महापौर श्री प्रसाद ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 16 पीपल कोहडिया के नर्सरीपारा मोहल्ले में सतनाम कल्याण समिति कोहड़िया द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान कही। सतनाम कल्याण समिति नर्सरी मोहल्ला पीपलपारा कोहडिया द्वारा जयस्तंभ ग्राउण्ड में वृहद वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने अपनी उपस्थिति देते हुए वृक्षारोपण किया तथा विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे, इस मौके पर मेयर इन काउंसिल सदस्य श्री फूलचंद सोनवानी व वार्ड पार्षद श्री नरेन्द्र देवांगन ने भी वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के पूर्व महापौर श्री प्रसाद ने सतनाम प्रागण में जैतखंभ की पूजा अर्चना की तथा नगर के सर्वांगीण विकास, अमनचैन व आमनागरिकों की सुख–समृद्धि की कामना की। मेयर इन काउंसिल सदस्य फूलचंद सोनवानी एवं वार्ड पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने भी वृक्षारोपण से पर्यावरण की सुरक्षा पर अपना उद्बोधन दिया।

नागरिकों से की भेंट, जानी समस्याएं– वृक्षारोपण कार्यक्रम के पश्चात महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने वार्ड के नागरिकों से भेंट की तथा उनकी विकास संबंधी आवश्यकताएं व समस्याओं की जानकारी ली। वार्ड के नागरिकों के साथ ही मेयर इन काउंसिल सदस्य फूलचंद सोनवानी व वार्ड पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने वार्ड की समस्याओं व निर्माण कार्यो से जुड़ी आवश्यकताओं से महापौर श्री प्रसाद को अवगत कराते हुए बताया कि

वार्ड में सड़क संबंधी समस्या है, कच्ची सड़क होने के कारण बारिश के दिनों में आवागमन में काफी कठिनाई होती है तथा स्थानीय लोगों को कीचड पानी की समस्या से परेशान होना पड़ता है, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी इस समस्या का समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। कोरोना संकट की वजह से निगम के विकास एवं निर्माण कार्य प्रभावित हुए हैं किन्तु अब क्रमशः विकास व निर्माण कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं, आने वाले समय में नर्सरी मोहल्ला की इस समस्या को दूर कर दिया जाएगा तथा सड़क का निर्माण होगा। महापौर श्री प्रसाद ने वहां के निवासियों से अन्य छुट पुट समस्याओं पर भी चर्चा की तथा उनके निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस मौके पर सतनाम कल्याण समिति के अध्यक्ष डॉ.परसराम मधुकर, योगेन्द्र महिपाल, अजय निराला, विनोद देवकर, क्रांति सिंह, भूपेन्द्र सिंह, राजू सिंह, जयसिंह, शिवसिंह, वृहस्पति यादव, अजय पटेल, रामेश्वर साहू, नरेन्द्र रात्रे, पुरूषोत्तम, चेतन साहू आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।